वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय,कोटा

प्रबंध मंडल की 102 वीं बैठक (आपात)

18 अक्टूबर, 2022

कार्यवाही विवरण

प्रबंध मण्डल की 102 वीं बैठक (आपात) दिनांक 18 अक्टूबर, 2022 अपरान्ह 2:00 बजे विश्वविद्यालय के मुख्यालय स्थित कुलपति सचिवालय में माननीय कुलपति महोदय, डॉ. कैलाश सोडाणी की अध्यक्षता में (ऑफलाईन/ऑनलाईन) आयोजित की गई। बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए:–

1. डॉ0 कैलाश सोडाणी
   कुलपति, वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय कोटा — अध्यक्ष

2. डॉ. सत्यप्रकाश मणी त्रिपाठी,
   देवरिया–उ0प्र0
   (माननीय राज्यपाल महोदय द्वारा मनोनीत) — सदस्य

3. प्रो0 संतोष कुमार शील, देहरादून
   (माननीय राज्यपाल महोदय द्वारा मनोनीत) — सदस्य (ऑनलाईन उपस्थित)

4. प्रो0 सी0बी0 शर्मा , नई दिल्ली
   (प्रतिनिधि, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय) — सदस्य (ऑनलाईन उपस्थित)

5. प्रो0 अशोक शर्मा,
   आचार्य, राजनीति विज्ञान, वमखुवि — सदस्य

6. प्रो0 बी0 अरूण कुमार
   निदेशक (क्षेत्रीय सेवायें) एवं आचार्य, राजनीति विज्ञान, वमखुवि — सदस्य

7. डॉ0 जितेन्द्र कुमार शर्मा
निदेशक, क्षे.के., जयपुर
सदस्य

8. श्री महेश चंद मीना
कुलसचिव
सचिव

सर्वप्रथम माननीय कुलपति महोदय द्वारा प्रबंध मण्डल के सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए बैठक प्रारंभ करने के लिए प्रबंध मण्डल के सचिव को निर्देशित किया।

प्रबंध मण्डल के सभी सदस्यों ने नवनियुक्त कुलपति डॉ. कैलाश सोडाणी एवं माननीय राज्यपाल महोदय द्वारा मनोनीत नवनियुक्त सदस्य डॉ. सत्यप्रकाश मणी त्रिपाठी का अभिनंदन किया। साथ ही निवर्तमान कुलपति प्रो. रतनलाल गोदारा को उनके द्वारा विश्वविद्यालय को दी गई सेवाओं के लिए आभार व्यक्त किया।

तत्पश्चात् कुलसचिव द्वारा कार्यसूची विवरण प्रस्तुत किया गया एवं निम्नानुसार निर्णय लिये गये।

102/1 : दिनांक 17 अक्टूबर, 2022 को आयोजित विद्या परिषद की 65 वीं बैठक (आपात) का कार्यवाही विवरण अवलोकनार्थ एवं अनुमोदनार्थ ।

प्रबंध मण्डल के माननीय सदस्यों द्वारा विद्या परिषद की 65 वीं बैठक (आपात) के कार्यवाही विवरण (संलग्नक–1) का अवलोकन किया गया एवं सर्वसम्मति से उसे अनुमोदित किया गया।

इसके साथ ही माननीय सदस्य प्रो0 सी0बी0 शर्मा द्वारा सुझाव दिया गया कि आंतरिक गृहकार्य की प्रक्रिया निर्धारित है, लेकिन फिर भी आंतरिक मूल्यांकन की व्यवस्था के स्वरूप को परिवर्तित किया गया है। यह गंभीर प्रकृति का प्रकरण है। इसलिए इस संपूर्ण प्रकरण की जांच प्रबंध मण्डल के सदस्यों की समिति द्वारा करवायी जावे। उक्त सुझाव के संदर्भ में प्रबंध मण्डल में डॉ0 सत्य प्रकाश मणि त्रिपाठी की अध्यक्षता में श्री संतोष कुमार शील, सदस्य एवं विश्वविद्यालय के कुलसचिव को सदस्य सचिव के रूप में सम्मिलित करते हुए समिति गठन का निर्णय लिया गया। समिति इस संबंध में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, नई दिल्ली से भी जानकारी प्राप्त कर सकेगी।

सदन का अभिमत रहा कि उपरोक्त निर्णय तत्काल प्रभाव से लागू किये जावे।

उपरोक्त निर्णय के पश्चात आसन को धन्यवाद ज्ञापित करने के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

(महेश चंद मीना)
कुलसचिव एवं
सचिव, प्रबंध मण्डल

18/10/22